भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2235
गुरुवार 12 फ़रवरी, 2026/23 माघ, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

कोल्हापुर के लिए हवाई संपर्क

2235. श्री शाहू शहाजी छत्रपती:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के लिए हवाई संपर्क में सुधार का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख) : मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन को नियंत्रणमुक्त कर दिया गया है। इसलिए यातायात की मांग और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विशिष्ट स्थानों के लिए हवाई सेवाएं प्रदान करना, इस संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुपालन के अध्यधीन, एयरलाइनों पर निर्भर करता है। एयरलाइनें बाजार की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता और अपनी कंपनी की नीति के आधार पर किसी विशिष्ट मार्ग/शहर के लिए अपने घरेलू उड़ान कार्यक्रम की योजना बनाती हैं।

******